Download from www.JbigDeaL.com Powered By © JbigDeaL



## SECTION – I

## खण्ड – I

## CHILD DEVELOPMENT AND PEDAGOGY

## बाल विकास एवं शिक्षाशास्त्र

There are **30** questions in all in this section.

*All* questions are compulsory.

इस खण्ड में कुल **30** प्रश्न हैं ।

**सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

1. 'Toy age' refers to
   (A) Early childhood (B) Late childhood
   (C) Babyhood (D) all of these.
   'खिलौनों की आयु' कहा जाता है
   (A) पूर्व बाल्यावस्था को (B) उत्तर बाल्यावस्था को
   (C) शैशवावस्था को (D) इनमें से सभी ।

2. Which of the following is not a characteristic of early childhood ?
   (A) Pre-gang age (B) Imitative age
   (C) Questioning age (D) Play age.
   निम्न में से कौन-सी पूर्व बाल्यावस्था की विशेषता नहीं है ?
   (A) दल / समूह में रहने की अवस्था (B) अनुकरण करने की अवस्था
   (C) प्रश्न करने की अवस्था (D) खेलने की अवस्था ।

3. In late childhood period children understand the conversion of which physical entity(ies) ?
   (A) Mass (B) Mass and number
   (C) Number (D) Mass, number and area.
   उत्तर बाल्यावस्था में बालक भौतिक वस्तुओं के किस आवश्यक तत्व में परिवर्तन समझने लगते हैं ?
   (A) द्रव्यमान (B) द्रव्यमान और संख्या
   (C) संख्या (D) द्रव्यमान, संख्या और क्षेत्र ।

4. The meaning of development is
   (A) progressive series of changes
   (B) progressive series of changes as a result of motivation
   (C) progressive series of changes as a result of motivation and experience
   (D) series of changes as a result of maturation and experience.
   विकास का अर्थ है
   (A) परिवर्तनों की उत्तरोत्तर शृंखला
   (B) अभिप्रेरणा के फलस्वरूप होने वाले परिवर्तनों की उत्तरोत्तर शृंखला
   (C) अभिप्रेरणा एवं अनुभव के फलस्वरूप होने वाले परिवर्तनों की उत्तरोत्तर शृंखला
   (D) परिपक्वता एवं अनुभव के फलस्वरूप होने वाले परिवर्तनों की शृंखला ।

Download from www.JbigDeaL.com Powered By © JbigDeaL



5. Which of the following statements is not correct about development ?

(A) Each phase of the development has hazards

(B) Development is not aided by stimulation

(C) Development is affected by cultural changes

(D) Each phase of the development has characteristic behaviour.

विकास के सन्दर्भ में निम्न में से कौन-सा कथन सत्य नहीं है ?

(A) विकास की प्रत्येक अवस्था के अपने खतरे हैं

(B) विकास उकसाने / बढ़ावा देने से नहीं होता है

(C) विकास सांस्कृतिक परिवर्तनों से प्रभावित होता है

(D) विकास की प्रत्येक अवस्था की अपनी विशेषताएँ होती हैं ।

6. Which of the following development tasks is not appropriate to the late childhood ?

(A) Learning physical skills necessary for ordinary games

(B) Achieving a masculine or feminine social role

(C) Achieving personal independence

(D) Learning to get along with age-mates.

निम्न में से कौन-सा विकासात्मक कार्य उत्तर बाल्यावस्था के उपयुक्त नहीं है ?

(A) सामान्य खेलों के लिये आवश्यक शारीरिक कुशलताएँ सीखना

(B) पुरुषोचित या स्त्रियोचित सामाजिक भूमिकाओं को प्राप्त करना

(C) वैयक्तिक आत्मनिर्भरता प्राप्त करना

(D) अपने हमउम्र बालकों के साथ रहना सीखना ।

7. Training in advance of normal maturation is generally

(A) highly beneficial with respect to performance of the common skills

(B) harmful from an overall point of view

(C) beneficial from a long range point of view

(D) beneficial or harmful depending on the method used in training.

सामान्य परिपक्वन से पहले प्रशिक्षित करना प्राय:

(A) सामान्य कौशलों के निष्पादन के संदर्भ में बहुत लाभकारी होता है

(B) कुल मिला कर हानिकारक होता है

(C) दीर्घकालिक दृष्टि से लाभकारी होता है

(D) लाभकारी हो या हानिकारक, यह इस पर निर्भर करता है कि प्रशिक्षण में किस प्रकार की विधि का प्रयोग किया गया है ।

Download from www.JbigDeaL.com Powered By © JbigDeaL



8. Five year old Raju is watching a storm from his window. A huge bolt of lightning is followed by a tremendous thunderclap and Raju jumps at the noise. This happens several more times. There is a brief lull and another lightning bolt. Raju jumps in response to bolt. Jumping of Raju is an example of learning theory of

(A) Classical conditioning (B) Operant conditioning

(C) Trial and Error (D) None of these.

पाँच वर्ष का राजू अपनी खिड़की के बाहर तूफान को देखता है । बिजली चमकती है और कड़कने की आवाज आती है । राजू शोर सुन कर उछलता है । बार–बार यह घटना होती है । फिर कुछ देर शान्ति के पश्चात बिजली कड़कती है । राजू बिजली की गर्जना सुनकर उछलता है । राजू का उछलना सीखने के किस सिद्धान्त का उदाहरण है ?

(A) शास्त्रीय अनुबन्धन (B) क्रियाप्रसूत अनुबन्धन

(C) प्रयत्न एवं भूल (D) इनमें से कोई नहीं ।

9. Which of the following is an example of positive punishment ?

(A) Redicule by friends (B) Loss of time with friends

(C) Cease nagging (D) All of these.

सकारात्मक दण्ड का निम्न में से कौन–सा उदाहरण है ?

(A) मित्रों के द्वारा उपहास (B) मित्रों के साथ समय बरबाद करना

(C) मीनमेख निकालना बंद करना (D) इनमें से सभी ।

10. Which of the following statements is not appropriate to motivation as a process ?

(A) It causes a person to move towards a goal

(B) It satisfies the person's biological needs

(C) It helps in achieving a psychological ambition

(D) It keeps away from an unpleasant situation.

निम्न में से कौन–सा कथन अभिप्रेरणा एक प्रक्रिया के सन्दर्भ में उपयुक्त नहीं है ?

(A) यह व्यक्ति को लक्ष्य की ओर ले जाता है

(B) यह व्यक्ति की शारीरिक आवश्यकताओं की संतुष्टि करता है

(C) यह मनोवैज्ञानिक आकांक्षा को प्राप्त करने में सहायता करता है

(D) यह व्यक्ति को अप्रिय स्थिति से दूर रखता है ।

11. The temporary change in behaviour due to continuous exposure to stimuli is called

(A) Habituation (B) Learning

(C) Temporary learning (D) Motivation.

किसी उद्दीपन के निरन्तर दिये जाने से व्यवहार में होने वाला अस्थायी परिवर्तन कहलाता है

(A) अभ्यस्तता (B) अधिगम

(C) अस्थायी अधिगम (D) अभिप्रेरणा ।

Download from www.JbigDeaL.com Powered By © JbigDeaL



12. The teachers should not use which of the following ways to change the attitudes of students ?
    (A) Coercive persuasion
    (B) Repetition of idea or assertion
    (C) Endorsement by an admired person
    (D) Association of the message with a good feeling.

    विद्यार्थियों की अभिवृत्तियों में परिवर्तन के लिए निम्न में से किस विधि का प्रयोग अध्यापक को नहीं करना चाहिए ?
    (A) दबाव से किसी बात या विचार के लिए राजी करना
    (B) किसी विचार को दोहराना अथवा दृढ़तापूर्वक व्यवहार
    (C) किसी प्रशंसनीय व्यक्ति के द्वारा समर्थन एवं स्वीकृति
    (D) संदेश के साथ साहचर्य स्थापित करना ।

13. Which of the following statements regarding achievement motive is true ?
    (A) Achievement motive is necessary for survival
    (B) If the satisfaction of personal potentialities is emphasized, the achievement motive may be classified as a growth motive
    (C) If the stress is on competition among people, the achievement motive can be considered a social motive
    (D) All of these.

    उपलब्धि अभिप्रेरक के सम्बन्ध में निम्न में से कौन-सा कथन सही है ?
    (A) उपलब्धि अभिप्रेरक जीवित रहने के लिए आवश्यक है
    (B) यदि व्यक्तिगत क्षमताओं की सन्तुष्टि महत्वपूर्ण है तो उपलब्धि अभिप्रेरक को विकास प्रेरक कहा जा सकता है
    (C) यदि व्यक्तियों के मध्य प्रतियोगिता पर बल है, तो उपलब्धि अभिप्रेरक को सामाजिक अभिप्रेरक कहा जा सकता है
    (D) इनमें से सभी ।

14. During 6 to 10 years children start taking interest in
    (A) Religion (B) Human body
    (C) Sex (D) School.

    6 से 10 वर्ष की अवस्था में बालक रुचि लेना प्रारम्भ करते हैं
    (A) धर्म में (B) मानव शरीर में
    (C) यौन सम्बन्धों में (D) विद्यालय में ।

15. Which theory believes that human mind is like an iceberg mostly hidden and has three levels of consciousness ?
    (A) Trait theory (B) Type theory
    (C) Psychoanalytical theory (D) Behaviourist theory.

    कौन सिद्धान्त व्यक्त करता है कि मानव मस्तिष्क एक बर्फ की बड़ी चट्टान के समान है जो कि अधिकांशतः छिपी रहती है एवं उसमें चेतन के तीन स्तर हैं ?
    (A) गुण सिद्धान्त (B) प्रकार सिद्धान्त
    (C) मनोविश्लेषणात्मक सिद्धान्त (D) व्यवहारवाद सिद्धान्त ।

Download from www.JbigDeaL.com Powered By © JbigDeaL



16. Some people say that whenever anger draws upon children, they go to play. Until they feel better which of the defence mechanisms is represented by this behaviour ?

(A) Projection (B) Displacement

(C) Reaction formation (D) Sublimation.

कुछ लोगों का कहना है कि जब बालकों को गुस्सा आता है तो वे खेलने के लिए चले जाते हैं । जब तक कि पहले से अच्छा महसूस नहीं करते, उनके व्यवहार में निम्न में से कौन प्रतिरक्षा तन्त्र प्रतिलक्षित होता है ?

(A) प्रक्षेपण (B) विस्थापन

(C) प्रतिक्रिया निर्माण (D) उदात्तीकरण ।

17. Adjustment means accommodating oneself to various circumstances in order to satisfy

(A) others (B) motives

(C) goals (D) needs.

समायोजन से तात्पर्य स्वयं का विभिन्न परिस्थितियों में अनुकूलन करना है ताकि सन्तुष्ट किया जा सके

(A) दूसरों को (B) प्रेरकों को

(C) उद्देश्यों को (D) आवश्यकताओं को ।

18. Which of the following behaviours is not a manifestation of emotional disturbance ?

(A) Delinquency (B) Bullying nature

(C) Truancy (D) Autism.

निम्न में से कौन-सा व्यवहार भावनात्मक बाधा को प्रदर्शित नहीं करता है ?

(A) बांल अपराध (B) कमजोरों को डराने वाला

(C) भगोड़ापन (D) स्वालीनता ।

19. A provision for education for the children with disabilities can be done through

(A) Inclusive education (B) Mainstreaming

(C) Integration (D) None of these.

नि:शक्त बालकों की शिक्षा के लिए प्रावधान किया जा सकता है

(A) समावेशित शिक्षा द्वारा (B) मुख्य धारा में डालकर

(C) समाकलन द्वारा (D) इनमें से कोई नहीं ।

20. Which of the following is not a characteristic of mental retardation ?

(A) I.Q. between 25 to 70

(B) Learning in a slow pace and unable to do the activities of daily routine

(C) Poor adaptation with the environment

(D) Poor interpersonal relations.

निम्न में से कौन-सी मानसिक मन्दता की विशेषता नहीं है ?

(A) बुद्धि लब्धि का 25 से 70 के मध्य होना

(B) धीमी गति से सीखना एवं दैनिक जीवन की क्रियाओं को न कर पाना

(C) वातावरण के साथ अनुकूलन में कठिनाई

(D) अन्तर्वैयक्तिक सम्बन्धों का कमजोर होना ।

Download from www.JbigDeaL.com Powered By © JbigDeaL



21. Which of the following is more important for keeping the good mental health of students ?

(A) Provision for curricular activities

(B) Freedom of expression

(C) Variety of interests

(D) Teacher's role and school environment.

विद्यार्थियों के अच्छे मानसिक स्वास्थ्य को बनाये रखने के लिए निम्न में से कौन–सा तरीका अधिक महत्वपूर्ण है ?

(A) सहशैक्षिक क्रियाओं का प्रावधान

(B) अभिव्यक्ति की स्वतन्त्रता

(C) रुचियों की भिन्नता

(D) अध्यापक की भूमिका एवं विद्यालयी वातावरण ।

22. 'Child belonging to weaker section' means

(A) A child belonging to such parents whose annual income is low

(B) A child belonging to such parents who come under the disadvantaged group

(C) A child belonging to such parents who come under the category of below poverty line

(D) A child belonging to such parents whose annual income is lower than the minimum limit specified by the appropriate government.

'कमजोर वर्ग के बालक' से तात्पर्य है

(A) ऐसे अभिभावकों के बालक से जिनकी वार्षिक आय कम है

(B) ऐसे अभिभावकों के बालक से जो वंचित वर्ग में आते हैं

(C) ऐसे अभिभावकों के बालक से जो गरीबी रेखा से नीचे की सीमा में आते हैं

(D) ऐसे अभिभावकों के बालकों से जो सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम सीमा की वार्षिक आय की सीमा से नीचे के वर्ग में आते हैं ।

23. The Right to Education Act, 2009 specifies that if the number of children admitted for first class to fifth class is above two hundred then the pupil-teacher ratio required is

(A) thirty (B) forty

(C) forty-five (D) fifty.

शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 में निर्दिष्ट किया गया है कि कक्षा-1 से कक्षा-5 तक यदि प्रवेश दिये गये विद्यार्थियों की संख्या दो सौ से अधिक है, तो विद्यार्थी-अध्यापक आवश्यक अनुपात होगा

(A) तीस (B) चालीस

(C) पैंतालीस (D) पचास ।

Download from www.JbigDeaL.com Powered By © JbigDeaL



24. Which of the following statements is incorrect about action research ?

(A) It is conducted by teachers and educational professionals

(B) It is conducted to solve a specific problem

(C) It is conducted to provide information for decision making at a broader level

(D) It is conducted to focus on the solutions of day to day problems at local level.

क्रियात्मक अनुसन्धान के सम्बन्ध में निम्न में से कौन-सा कथन सही नहीं है ?

(A) यह अध्यापकों एवं शिक्षा व्यवसाय से जुड़े लोगों के द्वारा किया जाता है

(B) यह किसी विशिष्ट समस्या के समाधान के लिए किया जाता है

(C) व्यापक स्तर पर निर्णय लेने के लिए सूचना संकलन का कार्य इसमें किया जाता है

(D) स्थानीय स्तर पर रोजमर्रा की समस्याओं के समाधान के लिये क्रियात्मक अनुसन्धान किया जाता है ।

25. Which of the following statements is not true about teaching ?

(A) Teaching is modifiable

(B) Teaching is formal and informal

(C) Teaching is a science as well as art

(D) Teaching is instruction.

निम्न में से कौन-सा कथन शिक्षण के बारे में सत्य नहीं है ?

(A) शिक्षण में सुधार किया जा सकता है

(B) शिक्षण औपचारिक एवं अनौपचारिक है

(C) शिक्षण विज्ञान के साथ-साथ कला भी है

(D) शिक्षण अनुवेशन है ।

26. The National Curriculum Framework, 2005 under the heading 'quality dimension' gives more importance to

(A) Physical resources

(B) Qualified and Motivated teachers

(C) Experiences designed for the child in terms of knowledge

(D) Experiences designed for the child and curriculum reform.

राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा, 2005 में 'गुणवत्ता आयाम' शीर्षक के अन्तर्गत अधिक महत्व दिया गया है

(A) भौतिक संसाधनों को

(B) शिक्षित एवं अभिप्रेरित अध्यापकों को

(C) बालकों के लिए ज्ञान के संदर्भ में संरचित अनुभवों को

(D) बालकों के लिए संरचित अनुभव एवं पाठ्यक्रम सुधार को ।

27. The National Curriculum Framework, 2005 suggests which of the following examination reforms ?

(A) Class X examination optional

(B) State level exams to be conducted at different stages of school education

(C) Competitive entrance examinations optional

(D) All of these.

Download from www.JbigDeaL.com Powered By © JbigDeaL



राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा, 2005 में निम्न में से किस परीक्षा सम्बन्धी सुधारों को सुझाया गया है ?

(A) कक्षा-X की परीक्षा ऐच्छिक

(B) विद्यालयी शिक्षा की विभिन्न अवस्थाओं पर राज्य स्तर की परीक्षा संचालन

(C) प्रतियोगी प्रवेश परीक्षाओं को ऐच्छिक

(D) इनमें से सभी ।

28. Reducing stress and enhancing success in examination necessitates

(A) A shift towards shorter examination

(B) Examinations to be conducted at different stages of school education

(C) Annual and half yearly exams

(D) Setting up of different agencies for conducting entrance exams.

दबाव को कम करने एवं परीक्षाओं में सफलता के लिए आवश्यक है

(A) कम अवधि की परीक्षाओं में अंतरण

(B) विद्यालयी शिक्षा की विभिन्न चरणों में परीक्षाओं का आयोजन

(C) वार्षिक एवं अर्द्धवार्षिक परीक्षायें

(D) विभिन्न प्रवेश परीक्षाओं के लिए विभिन्न एजेन्सियों की स्थापना ।

29. The purpose of evaluation is

(A) to label children as slow learner and gifted children

(B) to identify children who need remediation

(C) to diagnose learning difficulties and problem areas

(D) to provide feedback on the extent to which we have been successful in imparting education for a productive life.

मूल्यांकन का उद्देश्य है

(A) बालकों को धीमी गति से सीखने वाले एवं प्रतिभाशाली बालकों के रूप में लेबल करना

(B) जिन बालकों को उपचारात्मक शिक्षा की आवश्यकता है, उनकी पहचान करना

(C) अधिगम की कठिनाइयों व समस्या वाले क्षेत्रों का पता लगाना

(D) उत्पादक जीवन जीने के लिए शिक्षा किस सीमा तक तैयार कर पाई है, का पुष्टिपोषण प्रदान करना ।

30. For primary school children, which of the following is better ?

(A) Video simulation (B) Demonstrations

(C) Hands-on-experiences (D) All of these.

प्राथमिक विद्यालयों के बालकों के लिए निम्न में किसे बेहतर मानते हैं ?

(A) विडीयो अनुरूपण (B) प्रदर्शन

(C) स्वयं के द्वारा किया गया अनुभव (D) इनमें से सभी ।